
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

पुण्यतिथि विशेष

20 जनवरी 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers


# आज का सुविचार

**मैं अहिंसा में विश्वास करता हूँ, क्योंकि अहिंसा प्रेम है और यह लोगों में साहस जगाती है।**

ख़ान अब्दुलगफ़्फ़ार ख़ान

( स्वतंत्रता सेनानी )

जन्म- 06 फरवरी 1890 मृत्यु - 20 जनवरी 1988



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

20 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

किसी भी समाज का उत्थान उस समाज में शिक्षा की प्रगति पर निर्भर करता है।



- डॉ. भीमराव अंबेडकर

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

20 जनवरी

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, माघ माह, कृष्ण पक्ष, षष्ठी तिथि, सोमवार 20 जनवरी 2025

## Teachers of Bihar का छठा स्थापना दिवस
The Change Makers

टीचर्स ऑफ बिहार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी के लिए संस्था की वेबसाइट www.teachersofbihar.org देखें।

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

### आज का विचार

"भरोसा खुद पर रखो तो ताकत बन जाती है, दूसरों पर रखो तो कमजोरी बन जाती है।"

### आज के दिन

1817– कलकत्ता हिन्दू कॉलेज की स्थापना। कोलकाता में अंग्रेजी शैली का पहला विद्यालय 'द हिन्दू कॉलेज' (बाद में प्रजिडेंसी कॉलेज कहलाया) की स्थापना 20 जनवरी, 1817 ई. को राजाराम मोहन राय ने डच घड़ीसाज डेविड हेयर के सहयोग से किया।

1892– पहली बार बास्केट बॉल खेला गया।

1957– भारत की पहली परमाणु भट्ठी 'अप्सरा' का उद्‌घाटन हुआ।

1972– अरूणाचल प्रदेश केन्द्र शासित राज्य बना।

2007– अफगानिस्तान में सीमान्त गांधी के नाम पर संग्रहालय स्थापित किया गया।

2009– बराक ओबामा ने अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति के रूप में शपथ लिया।

2010– भारत में मोबाइल पोर्टेबिलिटी सेवाओ की शुरूआत की गई थी।

1. **वैज्ञानिक एम्पीयर का जन्म–** एम्पीयर का जन्म सन् 20 जनवरी, 1775 ई० में फ्रांस में हुआ था। आंद्रे मैरी एम्पीयर ने विद्युत चुंबकत्व से संबंधित महत्वपूर्ण नियम का प्रतिपादन किया जिसे 'एम्पीयर का नियम' कहा जाता है।

   एम्पीयर ने यह खोजा कि जब दो समान्तर तारों में विद्युतधारा एक ही दिशा में बहती है तो उन तारों में आकर्षण होता है। इसी प्रकार यदि दो समान्तर तारों में विद्युत धारा विपरीत दिशाओं में बहती है तो इन दोनों तारों के बीच में प्रतिकर्षण होता है। उन्होंने सर्वप्रथम यह भी आविष्कार किया कि यदि किसी कुण्डली से विद्युत धारा गुजारी जाए तो वह कुण्डली चुम्बक बन जाती है। इस प्रकार की कुण्डली को 'सालीनाइड' कहते हैं। उन्होंने बताया कि पृथ्वी का चुम्बकत्व, पृथ्वी के केन्द्र से बहने वाली विद्युत धाराओं के कारण होता है। उन्हीं के प्रयोग पर आधारित विद्युत धारा की इकाई 'एम्पीयर' आज प्रयोग की जाती है। एम्पीयर ने विद्युत धारा से सम्बन्धित बहुत से कार्य सम्पन्न किये। विद्युत के क्षेत्र में एम्पीयर ने अपने कार्यों से बहुत नाम कमाया।

   - **संदर्भः** भौतिक विज्ञान के अध्याय '**विद्युत धारा**' से जोड़कर चर्चा करें।

2. **खान अब्दुल गफ्फार खान का निधन–** खान अब्दुल गफ्फार खान 'भारत रत्न' सम्मान पाने वाले (1987ई) प्रथम विदेशी नागरिक थे। उन्होंने 1930 ई. के सत्याग्रह आंदोलन में महात्मा गाँधी का साथ दिया था। 1930 के दशक के उत्तरार्द्ध में महात्मा गाँधी के निकटस्थ सलाहकारों में से एक थे। भारत विभाजन के बाद उन्होंने पाकिस्तान में रहने का निश्चय किया लेकिन वे भारत विभाजन से सहमत नहीं थे। सन् 1988 में पाकिस्तान के सरकार ने उन्हें पेशावर में उनके घर में नज़रबंद कर दिया। 'सीमांत गाँधी' के नाम से मशहूर खान अब्दुल गफ्फार खान का निधन 20 जनवरी, 1988 ई. को हुआ था।

   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को वर्ग आठ की इतिहास की पाठ्यपुस्तक 'अतीत से वर्तमान भाग 3' के संदर्भ में स्वतंत्रता के लड़ाई में इनकी भूमिका पर चर्चा करवायें।

3. **भारत की पहली परमाणु भट्ठी 'अप्सरा' का उद्‌घाटन–** अप्सरा भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, ट्रांबे (बंबई) में स्थापित भारत की पहली परमाणु भट्ठी (रिऐक्टर) है। इसकी रूपरेखा, डिजाइन आदि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) के निदेशक डॉ. भाभा एवं उनके सहयोगी वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों ने सन् 1955 में तैयार की थी। होमी जहांगीर को भारत में 'न्यूक्लीयर एनर्जी का जनक' भी कहा जाता है। इस परमाणु भट्ठी का उद्‌घाटन 20 जनवरी, सन् 1957 ई. को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया था।

   अप्सरा लाइट वाटर स्विमिंग पूल टाइप रिएक्टर था। इसमें एक बार में एक मेगावॉट थर्मल की बिजली का प्रोडक्शन होता था। अप्सरा की ऊर्जा उत्पादन की अधिकतम शक्ति 1000 किलोवाट है, लेकिन इसका प्रचालन सामान्यतः 400 किलोवाट शक्ति तक ही किया जाता है। रिएक्टर की भट्ठी में एल्यूमिनियम यूरेनियम की मिश्रित धातु से तैयार प्लेटों को जलाकर एनर्जी बनाई जाती थी। इसमें विशेष फ्यूल का यूज़ किया जाता था, जो यू.के. से आता था। इसमें रेडियो आइसोटोप का प्रोडक्शन भी किया जाता है। वर्ष 2010 में ये बंद कर दिया गया था। इसके अपग्रेड रिएक्टर अप्सरा का संचालन 10 सितंबर, 2018 से शुरू किया गया है।

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

20 जनवरी

मधु प्रिया

## बिंदेश्वरी दुबे का निधन 20 जनवरी




बिंदेश्वरी दुबे का जन्म 14 जनवरी 1921 को हुआ था। बिहार के भोजपुर के महुआ गांव में एक विनम्र कृषक परिवार में पैदा हुए चार बेटों में से दूसरी थीं। इनके माता-पिता, जानकी देवी एवं शिव नरेश दूबे थे। चार भाईयों के बीच यह दूसरे स्थान पर थे। अन्य तीन राजेन्द्र दूबे, नर्भदेश्वर दूबे एवं पद्म देव दूबे थे। संत माईकल विद्यालय, पटना में मेट्रिक एवं साइंस कॉलेज, पटना में इंटर करने के बाद इन्हें बिहार कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग (अभी का एन•आई•टी, पटना) में दाखिला मिला। इन्होंने अंतिम साल में इंजिनियरिंग की पढ़ाई छोड़ दी और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। एक भारतीय राजनेता, प्रशासक, स्वतंत्रता सेनानी एवं श्रमिक नेता थे जो बिहार के मुख्यमंत्री, केन्द्रीय केबिनेट मंत्री (कानून एवं न्याय तथा श्रम एवं रोजगार), इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष आदि भी रहे। इससे पूर्व ये अखंड बिहार (एवं झारखंड) सरकारों में भी शिक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री रहे। 1970 से 1974 तक सातवीं लोक सभा के सदस्य,1977 से 1993 तक राज्य सभा के सदस्य तथा छह बार विधान सभा के सदस्य रहे। इन्होंने देश की कोलियरियों के राष्ट्रीयकरण में अहम् भूमिका निभाई थी। इनकी मृत्यु 20 जनवरी 1993 लेडी वेलिंगटन हॉस्पिटल, चेन्नई में हुई।

Your paragraph text /teachersofbihar

हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को

# पुण्यतिथि विशेष 20 जनवरी

राकेश कुमार




ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान (जन्म **06** फरवरी **1890** मृत्यु- **20** जनवरी **1988)** सीमाप्रांत और बलूचिस्तान के एक महान राजनेता थे जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और अपने कार्य और निष्ठा के कारण "सरहदी गांधी" (सीमान्त गांधी), "बच्चा खाँ" तथा "बादशाह खान" के नाम से पुकारे जाने लगे। वे भारतीय उपमहाद्वीप में अंग्रेज शासन के विरुद्ध अहिंसा के प्रयोग के लिए जाने जाते है। एक समय उनका लक्ष्य संयुक्त, स्वतन्त्र और धर्मनिरपेक्ष भारत था। इसके लिये उन्होने **1930** में खुदाई खिदमतगार नाम के संगठन की स्थापना की। यह संगठन "सुर्ख पोश"(या लाल कुर्ती दल ) के नाम से भी जाने जाता है।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **20.01.2025**

## स्कूल बेस्ड असेसमेंट

स्कूल बेस्ड असेसमेंट **(SBA)** का मतलब है, स्कूल में बच्चों के सीखने और विकास का आकलन करना. यह एक सतत प्रक्रिया है. इसमें बच्चों की कमज़ोरियों और ज़रूरतों को समझा जाता है. **SBA** का मकसद, बच्चों के सीखने में सुधार करना और उनके कौशल और दक्षताओं को बढ़ाना है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




हाल ही में आई एक **रिपोर्ट** के अनुसार लगभग 100 से भी अधिक **पेरिस ओलंपिक** खिलाड़ियों ने अपना मेडल लौटा दिया है। दरअसल, **मेडल** के ऊपर की **गोल्ड और सिल्वर प्लेटिंग** तेज़ी से उतर रही है।

विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

# तत्व (Element)

## नियॉन(Neon)

संकेत (symbol) - **Ne**

परमाणु संख्या (Atomic no. ) -10

समूह (group)-18

आवर्त (period)-2


ब्लाक (block)-P

संयोजकता (valancy)-0

समस्थानिक ( isotope)-3

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[He]$2s^2$ $2p^6$

परमाणु भार (A.weight) -20.179




### खोज

1898, विलियम रैमसे

### भौतिक गुण

रंगहीन ,गंधहीन , अक्रिय ,मोनोएटोमिक गैस

### रासायनिक गुण


रासायनिक रूप से निष्क्रिय

### उपयोग

फ्लोरोसेंट लैम्प, हाई वोल्टेज डिस्चार्ज ट्यूब , टेलीविजन ट्यूब, वैक्यूम ट्यूब

Anu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
बिन्देश्वरी दुबे
जन्म-14 जनवरी 1921
मृत्यु-20 जनवरी 1993
MADHU PRIYA
/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
खान अब्दुल गफ्फार खान
जन्म: 6 फरवरी 1890
मृत्यु: 20 जनवरी 1988
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

# *Teachers of Bihar*

*The Change Makers*

20
JANUARY

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# *6th Foundation Day*

**आइए हम सब मिलकर स्थापना दिवस मनाएं,**

**बिहार के सरकारी विद्यालयों को आगे बढ़ाएं।**

www.teachersofbihar.org

*Punita Kumari*


टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
छठा
स्थापना दिवस
20 जनवरी 2025
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
6 th
Foundation
Day
20 January 2025
Teachers of Bihar
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

# 6th anniversary

20 January

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## 6 साल बेमिसाल


## Teachers of Bihar
The change makers

समस्त शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

Madhu priya

Madhu priya

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Happy 6th Anniversary!
20 JANUARY
Cheers to future achievements
and past glories.
हैप्पी बर्थडे टीचर्स ऑफ बिहार
6 साल है बेमिसाल!
Rakesh Kumar
www.teachersofbihar.org